पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

——

बुद्ध पूर्णिमा पर राज्यपाल ने दी बधाई

——————————

लखनऊः 25 मई, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की है।

राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि भगवान बुद्ध ने करूणा, दया, प्रेम, मैत्रीभाव और सेवाभाव का जो सन्देश मानव जीवन के उद्धार के लिये दिया है, उसकी प्रासंगिकता आज के इस युग में भी कम नहीं है।

श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने सभी लोगों से अपील की कि वे वैश्विक महामारी कोविड–19 से बचने के लिये सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कर स्वयं भी बचे तथा अपने परिवार को भी बचाये। इसके साथ ही 18 आयु के ऊपर के लोग अनिवार्य रूप से वैक्सीन लगवायें।

———————

राम मनोहर त्रिपाठी /राजभवन (225/12)